


गणित का मज़ा 1

एन. वापनार


गणित का मज़ा

1

चित्र: बी. राइटमैन
हिंदी: अरविन्द गुप्ता



Prosveshcheniye Publishers
Moscow 1984




1 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

बड़े बंदर ने 5 केले खाए, और छोटे बंदर ने 2 केले।
दोनों बंदरों ने कुल कितने केले खाए?



2 हर सवाल को उसके जवाब से जोड़ें।



3 वे अंक लिखें जो समकोण दिखाते हैं।



4 खाली प्लेटों पर सही संख्या में संतरे बनाएं।



2 संतरे हटा दें।

2 संतरे जोड़ें।

5 छूटे हुए अंकों को चौकोरों में लिखें।

5+□=8   □+2=7

6+□=9   □+3=10

2+□=6   □+6=8

4+□=9   □+8=10

6 खाली चौकोरों में सही अंक भरें।

47	48	49									58
75	74	73									64



7 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

सपेरे के पास 5 बड़े सांप और 10 छोटे सांप हैं। उसके पास कुल कितने सांप हैं?

□

8 छूटे अंकों को चौकोरों में लिखें।

8=2+□+□

9=□+4+□

10=□+□+5

7=1+□+□

9 जैसा दिखाया गया है, हरेक अंक में से 10 घटाएं।

74	66	28	91	22	19	15	20	16	10	12	11
64	56										

10 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

जंगल में 5 बाघ के बच्चे खेल रहे थे।

फिर 2 बाघ के बच्चे भाग गए।

फिर कितने बाघ के बच्चे बचे?



11 दिखाए अनुसार सही जोड़ और अंतर लिखें।

अंक	5 and 3	4 and 5	9 and 1	3 and 7	8 and 2
जोड़	8				
अंतर	2				




12 एक वर्ग बनाने के लिए आपको एक ही लंबाई की कितनी छोटी सीकों की ज़रूरत होगी?
एक वर्ग बनाएं।

13 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

पहले रेल के डिब्बे में 45 आदमी हैं और दूसरे डिब्बे में 40 आदमी हैं। पहले डिब्बे में दूसरे की तुलना में कितने अधिक आदमी हैं?

14 गायब अंकों को इस तरह लिखें जिससे उत्तर 10 हो।



15 अंकों की लाइन को जारी रखें, फिर उन्हें पढ़ें।

25	26	27							
37	38	39							
52	53	54							

16 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

लड़का 14 साल का है और उसकी बहन 10 साल की है।

भाई, बहन से कितना बड़ा है? ☐


बहन, भाई से कितनी छोटी है ? ☐



17 तीर के ऊपर ज़रूरी निशान और अंक लिखें।

(1) →(+2) (3) →(−1) (2) →(+5) (7) → (3) → (8) → (9) → (19)

18 आयत चुनें और उनमें रंग भरें।



19 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।


एक दुकानदार के पास 14 अनानास हैं।
उनमें से 4 काउंटर पर रखे हैं।
बाकी टोकरी में हैं।
टोकरी में कितने अनानास हैं ?



20 उन सवालों के नीचे लाइन बनाएं जिनका जवाब 8 है।

3+5	6+2	10−4	1+7
3+2	10−2	5+3	2+4
10−3	4+4	9−1	7+1

21 खाली चौकोर हिस्सों में गायब ज्यामिति के आकार बनाएं।







22 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

पहले डिब्बे में 30 मिठाइयाँ हैं लेकिन दूसरे डिब्बे में 10 मिठाइयाँ कम हैं।
दूसरे डिब्बे में कितनी मिठाइयाँ हैं?





23 हर चौकोर में कुछ अंक लिखें और साइन पर ध्यान देकर सही नतीजा लिखें।

□ □ □ − □ = □

24 खाली स्थानों में सही अंक भरें।

+	50	20	30	40	
	30	60			50
परिणाम	80		90	70	100





25 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक पेड़ पर 10 पक्षी बैठे थे।
कुछ और पक्षी आए, और तब कुल 17 पक्षी हो गए।
कितने पक्षी आए?


□



26 दिया गया जवाब पाने के लिए खाली निशान (+ या -) और सही अंक भरें।


5 + □ = 7	6 ... □ = 2
6 ... □ = 10	8 ... □ = 10
8 ... □ = 3	1 ... □ = 8
9 ... □ = 8	4 ... □ = 1

27 बाईं ओर के डिज़ाइन को ध्यान से देखें।
दाईं ओर के डिज़ाइन में गायब ज्यामिति के आकार जोड़ें।
डिज़ाइन में रंग भरें।



28 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

अनानास का वज़न 2 किलो है।
खरबूजे का वज़न 5 किलो है।
खरबूजा, अनानास से कितने किलोग्राम भारी है? अनानास खरबूजे से कितने किलोग्राम हल्का है?



29 समान उत्तर वाले सवालों को एक लाइन से जोड़ें।

52+3	85+5
61+6	27+40
72+4	35+20
83+7	46+30


30 इस लाइन में कितने सेगमेंट यानि टुकड़े हैं?




उतनी ही छोटी-छोटी सींकें लें। उन्हें एक साथ रखकर अलग-अलग ज्यामिति के आकार बनाएं। अपनी मर्जी से आकृतियाँ बनाएं।

31 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

प्लेट में 9 केक थे.
बच्चों ने 2 केक ले लिए।
फिर कितने केक बचे?



32 चौकोरों में सही जोड़ लिखें।



33 इस लाइन को नापें। ______ सेमी

इस लाइन से 3 सेमी लंबी एक लाइन खींचें। वह लाइन कितनी लंबी होगी? ______ सेमी

34 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

दो लड़कियां रंगीन कागज़ के गोले काट रही हैं। एक लड़की ने 17 गोले काटे, और दूसरी ने उससे 6 कम गोले काटे। दूसरी लड़की ने कितने गोले काटे?




☐

दूसरी लड़की ने जो गोले काटे, उन्हें बनाएं।
उन्हें अलग-अलग रंगों से रंगें।



35 इस डिज़ाइन को जारी रखें। फिर त्रिकोणों में रंग भरें।



36 नीचे के अंकों को ऊपर वाले अंकों से अलग कर दें।

–	45	56	70	38	53	89	94
	3	40	8	20	2	7	60
उत्तर	42						

37 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।



बच्चों की पार्टी के लिए 10 गुब्बारे खरीदे गए। उनमें से 6 हरे थे और बाकी पीले थे। कुल कितने पीले गुब्बारे खरीदे गए?

गुब्बारों में सही रंग भरें।

☐

38 हर सवाल को उसके जवाब से जोड़ें।

45 – 4	41	52 + 7
29 + 30	76	28 + 2
46 + 30	30	72 + 4
27 + 3	66	62 + 6
68 – 2	59	61 – 20



*** 39** कौन ज्यादा भारी होगा?
एक किलोग्राम लोहा
या एक किलोग्राम रूई?

* इस निशान से जुड़े सवालों के जवाब पेज 42 पर मिलेंगे।

40 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक लड़के ने पहली लॉरी में 5 खिलौने वाले जानवर और दूसरी लॉरी में 3 खिलौने वाले जानवर रखे। उसने दोनों लॉरियों में कुल कितने खिलौने वाले जानवर रखे?

☐



41 उस प्रश्न के नीचे लाइन बनाएं जिसका जवाब 36 हो।

40 − 4	100 − 70	32 + 4
86 − 40	33 + 3	46 − 20
16 + 20	38 − 2	66 − 30
48 − 2	26 + 10	31 + 5

* **42** हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक लड़के के तीन भाई और दो बहनें हैं। परिवार में कुल कितने बच्चे हैं?

☐



43 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

बच्चों ने छुट्टी के लिए अपना कमरा सजाया है। उन्होंने एक दीवार पर 18 झंडी लगाईं लेकिन दूसरी दीवार पर उससे 6 कम झंडी लगाईं। उन्होंने दूसरी दीवार पर कुल कितने झंडियां लगाईं?

☐

44 हर सवाल को उसके जवाब से जोड़ें।

6+9, 9+3, 8+8, 7+4, 9+7, 8+7, 6+6, 5+7, 3+8, 4+8

15, 16, 11, 12

* **45** हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

7 मोमबत्तियाँ जलाकर टेबल पर रखी गईं। दो मोमबत्तियाँ बुझ गईं। टेबल पर कितनी मोमबत्तियाँ बचीं?


☐

46 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

बच्चों ने बॉक्स से 3 खिलौने निकाले।
4 खिलौने बॉक्स में ही रह गए।
शुरू में बॉक्स में कितने खिलौने थे?



47 गायब अंकों को गोलों में लिखें।




***48** हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक अंडे को उबालने में 3 मिनट लगते हैं।
2 अंडे उबालने में कितना समय लगेगा?

49 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक नाव में 10 यात्री हैं, और दूसरी नाव में 12 यात्री हैं। दूसरी नाव मे कितने अधिक यात्री हैं?



50 बॉक्स के बाहर के अंक को चौकोर में दिए गए अंकों में से घटाएं। जवाब खाली स्थानों में लिखें।

−7

14	7
12	
11	
13	
15	
16	

−8

12	4
17	
11	
15	
13	
16	

***51** हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

घास पर 6 गौरैया बैठी थीं। एक बिल्ली चुपके से आई और उसने एक गौरैया को पकड़ लिया। फिर घास पर कितनी गौरैया बचीं?

52 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक छोटी लड़की ने एक फूलदान में 7 फूल रखे हैं, और वह दूसरे फूलदान में पहले वाले से 2 फूल ज़्यादा रखने वाली है।
दूसरे फूलदान में कितने फूल होंगे?
दूसरे फूलदान में फूलों का चित्र बनाएँ।



* **53** एक जैसी लंबाई की 7 छोटी सींकें लें और उन्हें दो चौकोरों में जमाएं।
इन चौकोरों का चित्र बनाएं।

54 इन अंकों में से 9 घटाएं।

12	14	17	13	16	15	18	20
3							

55 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।


एक टोकरी में 12 किलो आम थे। जब कुछ आम निकाले गए, तो टोकरी में 9 किलो आम बचे।
टोकरी से कितने किलो आम निकाले गए?



56 तीर के ऊपर सही निशान और अंक लिखें।

5 →(+7) 12 → 8 → 17 → 9 → 14 → 7

* **57** आप दो जार का इस्तेमाल करके नल से 6 लीटर पानी कैसे माप सकते हैं? इनमें से एक जार में 2 लीटर और दूसरे में 5 लीटर पानी आता है।




58 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक महिला ने दिन में 12 किलो चायपत्ती तोड़ी और दूसरी महिला ने 9 किलो तोड़ी। दोनों महिलाओं ने कुल मिलकर कितने किलो चायपत्ती तोड़ी?

59 हर सवाल को उसके जवाब से जोड़ें।

25+9	53	28+6
37+8	34	29+8
48+5	37	36+9
46+7	45	49+4

* **60** इनमें से कौन सी आकृति अलग है?



61 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक छोटी लड़की के पास 15 फूल थे. उसने अपनी दोस्त को कुछ फूल दे दिए.
अब उसके पास 8 फूल बचे.
लड़की ने अपनी दोस्त को कितने फूल दिए?



62 उन सवालों को जोड़ें जिनका उत्तर एक समान हो।

28−9	65−7
46−8	34−9
32−7	42−4
62−4	22−3

* **63** हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक लड़के को एक घर की दूसरी मंज़िल पर जाना है। हर मंज़िल के बीच 20 सीढ़ियाँ हैं। लड़के को कितनी सीढ़ियाँ चढ़नी होंगी?







64 जोड़ें और फिर जवाब लिख लें ।


एक किसान के पास 12 भैंसें थीं। पहले
उसने 2 भैंसें बेचीं, फिर 5 और बेचीं।
अंत में उसके पास कितनी भैंसें बचीं? ☐

65 गायब अंकों को गोलों में लिखें।

7 →(+8) ◯ →(+9) ◯ →(+7) ◯ →(−8) ◯ →(−5) ◯ →(−9) 9

* **66** हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक लड़के ने एक लकड़ी को
7 टुकड़ों में काटा। उसने
लकड़ी को कितनी बार काटा? ☐



67 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

इस लड़के के पास 44 डाक टिकट थे। उसने
कुछ टिकट अपने दोस्त को दे दिए,
फिर उसके बाद उसके पास 27 बचे।
उसने अपने दोस्त को कितने टिकट दिए? ☐

68 उन सवालों के नीचे लकीर लगाएं जिनका योग 45 हो।

32+13	47−12	36+9
56−9	21+24	54−9
11+34	59−14	69−14
46+9	23+22	38+7

* **69** 5 छोटी सींकों का इस्तेमाल करके 2 त्रिकोण और
1 चतुर्भुज बनाएं। उन आकृतियाँ का चित्र बनाएँ।

70 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

पहले प्लांटेशन पर 18 हाथी थे और दूसरे प्लांटेशन पर 21 हाथी। पहले प्लांटेशन पर दूसरे प्लांटेशन की तुलना में कितने कम हाथी थे?

☐



71 हरेक प्रश्न को उसके उत्तर से जोड़ें।

48+7	36	48−12
59−23	63	22+41
94−31	79	33+22
37+42	55	82−3

* 72 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक माँ की 5 बेटियाँ हैं। हर बेटी का 1 भाई है। माँ के कुल कितने बच्चे हैं?

☐



73 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक बंदर के पास बहुत सारे केले थे। जब उसने 12 केले खा लिए, तो उसके पास 15 केले बचे। बंदर के पास पहले कितने केले थे?

☐

74 गायब अंक ढूंढें और उन्हें खाली जगहों में लिखें।

—	45		37			54		60	
		58	12	36	44		71		18
उत्तर	21	8		47		33	14	45	9

* 75 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

कुछ हाथी जंगल से गुज़र रहे थे। एक हाथी आगे था और दो हाथी उसके पीछे थे। दो हाथी आगे थे और एक हाथी उनके पीछे था। एक हाथी, दो हाथियों के बीच चल रहा था। तीन हाथी एक के बाद एक लाइन में चल रहे थे। कुल कितने हाथी जंगल से गुज़र रहे थे?

☐




76 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

3 सेब के पेड़ों से 30 सेब गिरे। पहले पेड़ से 18 सेब गिरे, दूसरे पेड़ से 3 गिरे। तीसरे पेड़ से कितने सेब गिरे?

☐

77 गायब अंकों को गोलों में लिखें।



* **78** 5 छोटी 4 एक-समान लंबाई की सीकों की मदद से 3 चौकोर आकार बनाएं। उन आकृतियों के चित्र भी बनाएं।

79 हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक पिंजरे में 7 तोते थे और दूसरे पिंजरे में 3 और तोते थे। तीसरे पिंजरे में दूसरे पिंजरे से 4 तोते ज़्यादा थे। दूसरे और तीसरे पिंजरे में कितने तोते थे?



80 हर सवाल को उसके जवाब से जोड़ें।

18+7   52−7   100−30

25   50−25   45   35+35   70   14

28+17   8+6   52−38

* **81** हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

एक बार एक भाई ने अपनी बहन से कहा, “मैं तुमसे 3 साल बड़ा हूँ। 2 साल बाद मैं तुमसे कितने साल बड़ा होऊंगा?”

☐

हिसाब लगाएं और जवाब लिखें।

82 एक क्लास में 17 डेस्क थीं.
पहले 3 डेस्क हटा दी gayee; फिर, 5 और.
फिर क्लास में कितनी डेस्क बचीं?

☐

83 उन सवालों को लाइन से जोड़ें जिनका उत्तर एक जैसा हो।

75+16 = ☐	60−9 = ☐
48−9 = ☐	24+15 = ☐
97−44 = ☐	38+53 = ☐
63−12 = ☐	22+31 = ☐



***84** एक लड़की के पास दो बर्तन हैं। एक बर्तन में 5 लीटर पानी आता है, और दूसरे में 3 लीटर। (बाल्टी में 12 लीटर पानी आता है।) आप इन दोनों बर्तनों का इस्तेमाल करके बाल्टी में ठीक 7 लीटर पानी कैसे डाल सकते हैं?



1. पासे का खेल

"जंगल स्कूल के रास्ते पर"


दो बंदरों को जंगल में होकर स्कूल जाना है। आपको उन्हें वहाँ ले जाना होगा। ऐसा करने के लिए, आपको सबसे पहले पेज 45 पर दिए गए परिशिस्ठ से पासे को काटकर चिपकाना होगा। फिर काउंटर काटना होगा। आप में से एक छोटे बंदर को स्कूल ले जाएगा, और दूसरा बड़े बंदर को।

बारी-बारी से पासे फेंकें और अपने काउंटर को पासे के ऊपर दिखने वाली बिंदियों की संख्या के हिसाब से गोलों की संख्या में आगे बढ़ाएं।

अगर आप भूरे रंग के गोले पर पहुँचें, तो अपने काउंटर को तीर की दिशा में ले जाएँ।

अगर आप काले गोले पर पहुँचें, तो अपने काउंटर को तीर की दिशा में पीछे ले जाएँ।

अगर आप भूरे रंग के गोले पर उतरेंगे, तो फिर आप एक बारी चूक जाएंगे। जो सबसे पहले बंदर को स्कूल ले जाएगा, वही जीतेगा।


1
2
3
4
5
6
7
8
9
10
11
12
13
14
15
16
17
18
19
20
21
22
23
24
25
26
27
28
29
30
31
32
33
34
35
36
37
38
39
40
41
42
43

2. मज़े के लिए गिनती



यह खेल जोड़ियों में खेला जाना चाहिए। खेल सही तरीके से खेला जाए यह देखने के लिए एक रेफरी नियुक्त किया जाना चाहिए।

टेबल 1-a और 1-b में 1 से 30 तक के आंकड़े हैं। टेबल 2-a और 2-b में 1 से 42 तक के आंकड़े हैं। टेबल के हर सेट में एक जैसे आंकड़े हैं लेकिन उन्हें अलग-अलग तरीके से सजाया गया है।

एक खिलाड़ी टेबल 1-a लेता है और दूसरा टेबल 1-b लेता है। फिर रेफरी के कहने पर हर खिलाड़ी अपनी टेबल में सभी अंकों को एक के बाद एक सही क्रम में (1 से शुरू करते हुए) नाम पढ़ना शुरू करेगा। तालिका को सबसे पहले पूरा करने वाला खिलाड़ी जीतेगा।

फिर तालिका 2 का इस्तेमाल किया जाएगा।

तालिका 1a

25	16	21	3	6	8
23	12	4	15	7	17
28	19	30	29	20	18
27	14	10	24	1	22
9	11	5	2	26	13

17	8	24	6	29	18
23	5	13	19	3	27
20	7	4	21	16	11
25	15	1	10	14	22
9	2	26	12	28	30

तालिका 1b

40	7	12	31	29	3
38	26	5	17	30	18
22	37	8	15	24	11
2	13	27	35	25	42
33	23	16	6	14	32
41	9	28	10	36	1
4	19	34	21	39	20

तालिका 2a





5	27	32	12	26	1
41	9	20	28	10	36
11	25	16	13	37	3
24	15	6	17	30	23
38	22	2	8	7	40
4	19	35	29	34	21
33	14	18	39	42	31

तालिका 2b

3. छोटी सीकों वाली पहेली




इन पहेलियों के लिए आपको एक ही लंबाई की 30 छोटी सींकें चाहिए होंगी। इसे कई लोग, एकसाथ खेल सकते हैं। जो सबसे पहले पहेली सुलझाएगा या उसे हल करने का कोई नया तरीके ढूंढेगा वही जीतेगा।

खेल खत्म होने के बाद खिलाड़ी पेज 43-44 पर पहेली का सही हल ढूंढे सकते हैं।


1) चित्र के अनुसार सीकों को व्यवस्थित करें:

आप दो सींकें हटाएं ताकि एक ही माप के चार चौकोर रह जाएं।
इसे अलग-अलग तरीकों से करें।




2) चित्र के अनुसार सीकों को व्यवस्थित करें:

आप दो सीकों की जगह बदलें ताकि एक ही साइज़ के पांच चौकोर दिखें।
इसे अलग-अलग तरीकों से करें।



3) चित्र के अनुसार सीकों को व्यवस्थित करें:

आप एक सींक हटाएं ताकि एक ही माप के तीन चौकोर रह जाएं।



4) चित्र के अनुसार सीकों को व्यवस्थित करें:

आप दो सीकों की जगह बदलें ताकि तीन की जगह केवल दो त्रिकोण दिखें।



4. जादुई वर्ग



जादुई वर्ग एक ऐसा चौकोर होता है जिसमें हर खड़ी, लेटी और तिरछी लाइन में, अंकों का जोड़ एक-समान होता है।

उदाहरण के लिए:

2	9	4
7	5	3
6	1	8

इस चौकोर की हर लाइन के अंक जोड़ें, और आप पाएंगे कि हर बार उनका जोड़ 15 होगा।

इस खेल के लिए दो तरह के, पांच चौकोर दिए गए हैं, जो दो खिलाड़ियों के लिए है। हर खिलाड़ी एक चौकोर चुनेगा, और फिर उसमें खाली अंक भरेगा।

वही जीतेगा जो सबसे पहले अपना चौकोर पूरा करेगा।

5		
	6	
9		

वर्ग 1-A
(योग,18)

वर्ग 1-AB
(योग,18)

		3
	6	
		7



वर्ग 2-A

	12	
	8	
	4	11

वर्ग 2-B

5	12	
	8	
	4	

वर्ग 3-A

		3
5	9	
15		

3-B

7		
	9	13
		11

वर्ग 4-A

17	21	25
27		

वर्ग 4-B

17	21	25
		23

वर्ग 5-A (योग, 51)

		14
	13	18

वर्ग 5-B (योग, 51)

16	21	
		18

5. लट्टू के खेल



इन खेलों को कई खिलाड़ी एक साथ खेल सकते हैं। परिशिस्ट (पेज 47) से ऊपरी हिस्से काटें और उसे कार्डबोर्ड या मजबूत कागज़ पर चिपका दें। लट्टू को घुमाने के लिए, उसके बीच में एक पतली, नुकीली टूथपिक घुसाएँ।

1) एक अंक जोड़ें

इस खेल में लट्टू-1 का इस्तेमाल होगा

खिलाड़ी पहले से तय कर लेते हैं कि वे कौन सा अंक जोड़ना चाहते हैं (मान लें 7)। फिर लीडर लट्टू को घुमाता है। जब लट्टू रुकेगा तो वो एक तरफ गिर जायेगा। लीडर उसे उठाकर उस तरफ मार्क किया हुआ अंक दिखाएगा फिर तय हुआ अंक (मान लें 7) दिखाए गए अंक में जोड़ दिया जाएगा। हर खिलाड़ी अपना रिज़ल्ट लिखेगा। लट्टू को फिर से घुमाया जाएगा, और उसी प्रक्रिया को फिर दोहराया जाएगा।

गेम के आखिर में सभी रिज़ल्ट चेक किए जाएंगे। जिस खिलाड़ी का हिसाब सही होगा, वह जीतगा।

नोट: तय किए गए अंक और लट्टू के किसी भी अंक का जोड़ 100 से ज़्यादा नहीं होना चाहिए।

2) एक संख्या घटाएँ

इस खेल में लट्टू-2 का इस्तेमाल होगा

यह गेम पहले वाले गेम की तरह ही खेला जाता है। फ़र्क सिर्फ़ इतना है कि तय किए गए अंक को लट्टू के अंक में से घटाया जाता है।

नोट: तय किया गया अंक लट्टू पर दिए गए किसी भी अंक से ज़्यादा नहीं होना चाहिए।

3) एक लट्टू और एक पासा

इस खेल में लट्टू-1 या लट्टू-2 और (पृष्ठ 45) के बिंदियों वाले पासे का उपयोग होगा

एक खिलाड़ी लट्टू घुमाएगा, और दूसरा पासा फेंकेगा। लट्टू और पासे दोनों कोई अंक दिखाएंगे। सबसे पहले, इन अंकों को एक-साथ जोड़ें। फिर छोटे अंक को बड़े अंक में से घटायें। जो खिलाड़ी सबसे पहले सही जवाब देगा, उसे एक पॉइंट मिलेगा।

4) 100 तक जोड़ें

इस खेल में लट्टू-3 का इस्तेमाल होगा

हर खिलाड़ी उसकी बारी आने पर लट्टू घुमएगा और उसके किनारे वाले अंक को लिखेगा। हर बारी के बाद वह अपने पिछले टोटल में अपना नया अंक जोड़ेगा।

वह जीतेगा जो सबसे पहले 100 तक पहुंचेगा।

5) दो लट्टू


इस खेल में लट्टू-3 और लट्टू-4 का इस्तेमाल होगा

खिलाड़ी पहले से कोई भी दो अंकों वाला अंक (मान लें 25) चुनते हैं। फिर लट्टू-4 (+ और – निशान के साथ) घुमाया जाता है, और फिर अंकों वाला लट्टू-3 घुमाया जाता है।

अगर लट्टू-4 पर + का निशान है, तो लट्टू-3 का दिखाया गया अंक, तय किए अंक में जोड़ दिया जाता है। अगर उस पर (-) का निशान है, तो लट्टू-3 का दिखाया गया अंक तय किए अंक में से घटा दिया जाता है। जीतने वाला वह खिलाड़ी होगा जिसके सभी जवाब सही होंगे।

समस्याओं के उत्तर

39. एक किलोग्राम रूई और एक किलोग्राम लोहे का वजन बिल्कुल बराबर होगा।
42. परिवार में 6 बच्चे हैं।
45. सभी 7 मोमबत्तियाँ मेज पर ही रहती हैं।
48. 3 मिनट।
51. कोई नहीं बची. बाकी सभी गौरैया उड़ गईं - वे बिल्ली से डर गईं।

53 

57. 5 लीटर के कैन में 2 लीटर पानी दो बार डालें, फिर 2 लीटर के कैन में 2 लीटर पानी डालें और आपके पास कुल 6 लीटर पानी होगा।

60. त्रिभुज, क्योंकि अन्य आकृतियों में प्रत्येक में 4 कोण हैं।

63. लड़के को 40 सीढ़ियाँ चढ़नी होंगी (ग्राउंड फ़्लोर से पहली मंज़िल तक 20 सीढ़ियाँ और पहली मंज़िल से दूसरी मंज़िल तक 20 सीढ़ियाँ)।

66. लड़के ने 6 कट लगाए।

69 


72. 6 बच्चे.
75. 3 हाथी एक के बाद एक लाइन में चल रहे थे।


78 

81. भाई हमेशा अपनी बहन से 3 साल बड़ा होगा।
84. लड़की को बाल्टी में चार बार 3 लीटर पानी डालना होगा और फिर 5 लीटर पानी बाहर निकालना होगा।

सींकों वाले खेलों के जवाब

पहेली 1-4 के जवाबों में, जिन सींकों को हटाना है, उन्हें काट दिया गया है। बिंदी वाली लाइनें कुछ सींकों की नई जगह दिखाती हैं।






परिशिष्ट

पासे का खेल
“जंगल स्कूल” खेल के लिए

पासे का खेल
(खेल-3 “एक लट्टू और एक पासा”)




काउंटर
"जंगल स्कूल” वाले खेल के लिए













टॉप अंक 1
(गेम 1 और 3)



टॉप अंक 2
(गेम 2 और 3)





टॉप अंक 3
(गेम 4 और 5)



टॉप अंक 4
(गेम 5)





Н. Ф. Вапнар

ЗАБАВНАЯ МАТЕМАТИКА

Редактор *Н. И. Максименко*
Художник *Б. Л. Рытман*
Художественный редактор *Л. Ф. Малышева*
Технический редактор *Г. Е. Петровская*

Сдано в набор 11.01.84. Подписано к печати 17.05.84. Формат $70 \times 90^1/_{16}$. Бум. кн.-журн. Печать офсетная. Усл. печ. л. 3,51. Усл. кр.-отт. 7,61. Уч.-изд. л. 2,58. Тираж 25 000 экз. Заказ 748. Цена 15 коп.

Ордена Трудового Красного Знамени издательство «Просвещение» Государственного комитета РСФСР по делам издательств, полиграфии и книжной торговли. 129846, Москва, ГСП-110, 3-й проезд Марьиной рощи, 41.

Смоленский полиграфкомбинат Росглавполиграфпрома Государственного комитета РСФСР по делам издательств, полиграфии и книжной торговли. Смоленск-20, ул. Смольянинова, 1.

15 к.

